कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/गुण तथा प्रशि अनु./गुण प्र/ई–कक्षा/61187/2020–21 दिनांक : 14.09.2023

1. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
   पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
2. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं
   पदेन ब्लॉक परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
3. समस्त पीईईओ/यूसीईओ एवं संस्था प्रधाना राउमावि ।

विषय :– "स्कूल ऑफ्टर स्कूल कार्यक्रम" के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 05.09.23 शिक्षक दिवस के राज्य स्तरीय कर्यक्रम में **"स्कूल ऑफ्टर स्कूल कार्यक्रम"** का शुभारम्भ किया । यह राजस्थान स्कूल शिक्षा विभाग एवं मिशन ज्ञान का एक संयुक्त प्रयास है ,जिसमें ऑनलाइन लाईव कक्षाओं के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं के महत्वपूर्ण विषयों का शिक्षण करवाया जाना है।

कार्यक्रम का उद्देश्य–

- विद्यालय समय के उपरांत विद्यार्थियों के लिए शिक्षण व्यवस्था का अवसर प्रदान करना ।
- विषय शिक्षक का पद रिक्त रहने अथवा शिक्षक/ विद्यार्थी के अवकाश पर रहने की स्थिति में विषय शिक्षण को निरन्तर रखना।
- विद्यार्थियों के अधिगत स्तर एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार करना है।
- विद्यार्थियों विषयगत शंकाओं का समाधान देना ।

लक्षित समूह –

- कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थी।

लाईव कक्षा के विषय –

- प्रथम चरण में कक्षा 10 के गणित, विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन तथा कक्षा 12 के गणित, जीवविज्ञान,, इतिहास, राज.विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन विषय की लाईव कक्षाऐं।

लाईव कक्षा का समय–

- सप्ताह में 5 दिवस , सोमवार से शुक्रवार तक।
- प्रतिदिन सांय 4:00 बजे से 9:00 बजे तक।

कार्यक्रम का क्रियान्वयन

- e–कक्षा यू ट्यूब चैनल पर ये कक्षाऐं, नियत समय पर लाईव होंगी ।
- लाईव कक्षा की रिकार्डिंग e–कक्षा यू ट्यूब चैनल पर उपलब्ध रहेगी, जिसे विद्यार्थी एवं शिक्षक कभी भी आवश्यकतानुसार देख कर अध्ययन कर सकते हैं।
- लाईव कक्षा की अध्ययन सामग्री एवं प्रश्नोत्तरी की पीडीएफ भी मिशन ज्ञान ऐप से डाउनलोड़ की जा सकती है, जो कि लाईव हुई कक्षा से संबंधित होगी।

- लाईव कक्षा के दौरान अध्ययन संबंधी जिज्ञाशा को विद्यार्थी कमेंट बॉक्स में लिख सकेगा, जिसका समाधान कक्षा के दौरान अथवा आगामी कक्षा में शिक्षक द्वारा किया जा सकेगा।

संस्था प्रधान के दायित्व

- समस्त संस्था प्रधान लाइव क्लासेस का लिंक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराना तक प्रतिदिन पहुंचाना तथा विद्यार्थियों को जानकारी देना।
- विषय शिक्षक का पद रिक्त रहने या विषयाध्यापक के अवकाश पर रहने की स्थिति में यू ट्यूब लिंक से कक्षा से अध्ययन सुचारू रखना।

(काना राम)
आइ ए एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना समग्र शिक्षा जयपुर।
3. प्रबंधक, मिशन ज्ञान को उपयुक्तानुसार संचालन एवं व्यवस्था हेतु।
4. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत।
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक को पालनार्थ।
7. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
8. समस्त संस्था प्रधान।
9. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Vivaan Classes